प्रेस नोट

दिनांक 30.04.2021

थाना जमालपुर पुलिस द्वारा छेड़खानी का आरोपी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार—

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जमालपुर पुलिस द्वारा छेड़खानी के आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । दिनांक 29.04.2021 को थाना जमालपुर क्षेत्र निवासिनी महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़खानी करने के संबंध में थाना जमालपुर पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था । उक्त अभियोग की विवेचना एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 30.04.2021 को उ0नि0 संजय कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 सियाराम राय द्वारा वांछित अभियुक्त मुरारी गुप्ता पुत्र सत्यनारायण गुप्ता निवासी बियरही थाना जमालपुर मीरजापुर को जमालपुर तिराहा से समय 10.30 बजे गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।